# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी तिजारा (अलवर) राज0
## पीठासीन अधिकारी महेन्द्र सिंह (आर0ए0एस0)

| मुकदमा नम्बर | तारीख दायर | तारीख फैसला |
| --- | --- | --- |
| 357/19 | 16-10-2019 | 11-10-2022 |

**उनवान**

01. उर्मिला देवी पत्नी जयप्रकाश जाति महाजन निवासी टपूकडा तहसील तिजारा जिला अलवर (राज0)

-----:: वादियां

**बनाम**

01. औमप्रकाश पुत्र जगदीश जाति महाजन निवासी टपूकडा तहसील तिजारा जिला अलवर (राज0)
02. शमसुदीन पुत्र दानाखां जाति मेव निवासी ग्राम निम्बाहेडी तहसील तिजारा जिला अलवर (राज0)
03. समसुनिशा पत्नी हमीदउल्ला जाति मेव निवासी पठोलीडाग घोसर तहसील भानपुर जिला बस्ती (उ0प्र0)
04. हसीना पत्नी हुल्लर
05. सुम्मत पुत्र सहजू जाति मेव निवासीगण ग्राम निम्बाहेडी तहसील तिजारा जिला अलवर (राज0)
06. सुबी पुत्र बख्शेश
07. शेरमोहम्मद पुत्र चावखां
08. वहीदन पत्नी कमरू जाति मेव निवासी ग्राम हमीराका तहसील तिजारा जिला अलवर (राज0)
09. दिनेश चन्द
10. रमेश पुत्रान बाबूराम
11. लक्ष्मणदास पुत्र किरोडीमल जातियान महाजन निवासीगण टपूकडा तहसील तिजारा जिला अलवर (राज0)
12. शाखा प्रबन्धक महोदय, बैंक ऑफ बडौदा शाखा टपूकडा तहसील तिजारा जिला अलवर (राज0)
13. श्रीमान् तहसीलदार साहब, तिजारा जिला अलवर (राज0) बहैसियत भूमिधारी अधिकारी तिजारा जिला अलवर (राज0)

------:: प्रतिवादीगण

दावा तकासमा मय हुक्मइम्तनाई दवामी

अन्तर्गत धारा 53 व 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

**–:: संशोधित निर्णय ::–**

प्रकरण के सूक्ष्म वृतान्त इस प्रकार है कि वादीगण ने यह दावा तकासमा मय हुक्मईम्तनाई दवामी अन्तर्गत धारा 53 व 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 विरूद्व दावा प्रतिवादीगण प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि हाल आराजी खसरा नम्बर 490/3 रकबा 0.63 है0 वाके ग्राम टपूकडा तहसील तिजारा जिला अलवर (राजस्थान) में स्थित है विवादित आराजी खसरा नम्बर 490/3 रकबा 0.63 है0 आराजी में मिन वादियां का मुताबिक हाल

उपखण्ड अधिकारी
तिजारा (अलवर) राज0

1/4 हिस्सा एवं 1/4 हिस्सा दर 25.23 बिस्वा मिन वादियां की खातेदारी की आराजी है, भूमि मुताबिक हाल राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी मिन वादी की खातेदारी की आराजी है, जो कि मिन वादियां की खरीदशुदा आराजी है एवं विवादित आराजी में शेष हिस्सा प्रतिवादीगण संख्या 1 लगायत 11 का मुताबिक जमाबन्दी निहित है, जिसका अमल दरामद राजस्व रिकार्ड में हो रहा है। विवादित आराजी पर वादियां एवं प्रतिवादीगण शामलात में काबिज काश्त है। विवादित आराजी मिन वादियां एवं प्रतिवादीगण की संयुक्त कब्जे काश्त खातेदारी की आराजी है, जिस पर मिन वादियां व प्रतिवादीगण संख्या 1 लगायत 11 शामलात में काबिज–काश्त है। मिन वादियां एवं प्रतिवादीगण के मध्य विवादित आराजी बाबत बाई मिट्स एण्ड बाउण्ड्स आज तक कोई तकासमा नहीं हुआ है। मिन वादी ने दिनांक 03.10.2019 को प्रतिवादीगण से विवादित आराजी का बंटवारा आपसी सहमति के आधार पर किये जाने का निवेदन किया तो प्रतिवादीगण ने उक्त आराजी का बंटवारा आपसी सहमति के आधार पर करने से साफ इन्कार कर दिया साथ ही प्रतिवादीगण ने मिन वादियां को ऐलानिया तौर पर धमकी दी कि वो वादी को भी विवादित आराजी का बंटवारा नहीं करने देंगे एवं वादियां के हिस्से की आराजी पर जबरन तारफेसिंग कर कब्जा करेगें, निर्माण करेगें एवं वादियां के हिस्से में मजाहमत व मदाखलत पैदा करेगें तथा विवादित आराजी को संयुक्त राजस्व रिकार्ड की आड में दीगर लोगों को मुन्तकिल करेगें, इसलिए मिन वादियां, प्रतिवादीगण को जरिये हुक्मइम्तनाई दवामी से पाबन्द कराने का अधिकारी है।

दावा दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को समन तलब किया गया। प्रतिवादीगण अनुपस्थित रहे। अतः उनके विरूद्व एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई। प्रतिवादी संख्या 12 एवं 13 फोरमल पक्षकार है कोई राजहित निहित नहीं है। अतः जवाब सरकार बन्द किया गया। उपस्थित वकील वादियां ने वाद को प्रारम्भिक डिक्री किये जाने हेतु निवेदन किया।

प्रकरण में दिनांक 25–11–2019 को प्रारम्भिक डिक्री जारी कर तहसीलदार तिजारा को मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाकर बाई मिट्स एण्ड बाउण्डस के आधार पर बंटवारा स्कीम तैयार कर रिपोर्ट कुर्रे तलब की गई।

चूंकि तहसीलदार तिजारा ने अपने पत्र क्रमांकः भू.अ./2021/1824 दिनांक 24–12–2021 के द्वारा प्रकरण में कुर्रे रिपोर्ट प्रेषित कर दी थी। उभयपक्षकारान ने मुताबिक कुर्रे रिपोर्ट फाईनल डिक्री किये जाने हेतु निवेदन किया। कुर्रे रिपोर्ट का अवलोकन किया। दावा फाईनल डिक्री किया जाना उचित है।

अतः दावा वादीगण फाईनल डिक्री किया जाता है निम्नानुसार हाल आराजी खसरा नम्बर 490/3 रकबा 0.63 है0 वाके ग्राम टपूकडा तहसील तिजारा जिला अलवर (राजस्थान) को फरीकैन के अनुसार खाता विभाजन के आदेश दिये जाते है।

| क्र.सं. | नाम खातेदार | खसरा नम्बर | रकबा | किस्म |
|---|---|---|---|---|
| 01. | उर्मिला देवी पत्नी जयप्रकाश महाजन सा. देह खातेदार | 490/3/1 | 0.2392 | चा.सो. |

उपखण्ड अधिकारी
तिजारा (अलवर) राज०

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ...गोपाल हि0 84/3908 ओमप्रकाश पुत्र जगदीश 344/3908 ओमप्रकाश पुत्र लक्ष्मणदास 169/3908 दिनेश चन्द पुत्र बाबूराम हि0 998/3908 दीपक पुत्र रामगोपाल हि0 85/3908 पवन कुमार पुत्र लक्ष्मण दास 170/3908 विजेन्द्र कुमार पुत्र लक्ष्मणदास 169/3908 रमेश पुत्र बाबूलाल 984/3908 राहिन बी.ओ.बी. टपूकड़ा लक्ष्मणदास पुत्र किरोडीमल 253/3908 जाति महाजन सा. देह खातेदार खूबी पुत्र बख्शेश मेव सा. देह खातेदार 50/3908 वहीदन पत्नी कमरू मेव हमीराका 42/3908 शमसुदीन पुत्र दाना खां मेव सा. निम्बाहेडी 312/3908 शेरमोहम्मद पुत्र चाव खां 25/3908 जाति मेव सा. देह खातेदार सुम्मत पुत्र सहजू मेव सा. निम्बाहेडी 35/3908 समसुनिशा पत्नी हमीदुल्लाह मेव सा. पठोलीडाग घोसर तह. भानपुर जिला बस्ती (उ.प्र.) खातेदार हि0 153/3908 हसीना पत्नी हुल्लर मेव सा. निम्बाहेडी 35/3908 खातेदारान | 490/3/2 | 0.3908 | चा.सो. |

तकसीम शुद्दा नक्शा फाईनल डिक्री का जुज होगा। राजस्व रिकार्ड में उपरोक्तानुसार अमल किया जावें। पर्चा डिक्री जारी हो।

आदेश सुनाया गया।

(महेन्द्र सिंह)
उपखण्ड अधिकारी,
तिजारा (अलवर)

उपखण्ड अधिकारी
तिजारा (अलवर) राज०